प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

25 मई 2023

प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) से संबंधित सभी नीतिगत मामलों के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करना

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 12 मई 2023 को नेशनल फेडरेशन ऑफ़ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज़ लिमिटेड (एनएएफ़सीयूबी), कुछ राज्यों के यूसीबी के परिसंघों (फेडरेशनों) और चुनिंदा यूसीबी के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की। जैसा कि बैठक में संकेत दिया गया था, तथा यूसीबी क्षेत्र से संबंधित नीति/ विनियामकीय मामलों के संबंध में परिसंघों के साथ गहन समन्वय और केंद्रित बातचीत करने की दृष्टि से, यह निर्णय लिया गया है कि मुख्य महाप्रबंधक, विनियमन विभाग को क्षेत्रीय स्तर के मामलों पर यूसीबी और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ संपर्क के लिए एक नोडल बिंदु के रूप में नामित किया जाए। नामित वरिष्ठ अधिकारी तिमाही आधार पर यूसीबी/ परिसंघों के प्रतिनिधियों के साथ औपचारिक बातचीत करेंगे। नोडल अधिकारी का संपर्क विवरण निम्नानुसार है:

नाम एवं पदनाम	श्रीमती सेंटा जॉय, मुख्य महाप्रबंधक
विभाग	विनियमन विभाग
पता	भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, फोर्ट, मुंबई, 400001.
फोन नंबर	022-22701205
ईमेल-आईडी	cgmucbsdor@rbi.org.in

मुख्य महाप्रबंधक, यूसीबी क्षेत्र/ परिसंघों से नीति संबंधी सभी संदर्भों के समन्वय के लिए एक नोडल बिंदु के रूप में कार्य करेंगी। प्रत्येक बैंक संबंधी मामले मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत निपटाए जाते रहेंगे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/282